# वन उत्पादकता संस्थान,रांची

## एक दिवसीय BSc. (Ag.) छात्रों का भ्रमण,दिनांक 18.07.2018

राय विश्वविद्यालय एवं साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची, झारखण्ड के 37 BSc. (Ag.) के छात्र छात्राओं ने (summer student programme) ग्रीष्मकालीन छात्र कार्यक्रम के तहत भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान के अधिकारियों के साथ कृषि-वानिकी एवं वानिकी से संबंधित विषय पर जानकारी हेतु दिनांक 18.07.2018 को वन उत्पादकता संस्थान, रांची में भाग लिया तथा संस्थान का भ्रमण किया | भ्रमण के दौरान वन सवर्धन,प्रभाग तथा विस्तार प्रभाग के विशेषज्ञों द्वारा संस्थान के दोनों परिसर में संस्थान के जैव विविधता, संरक्षण क्षेत्र,मैनग्रोव,औषधीय उद्यान एवं रोपणी के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा उनके प्रश्नों को निराकरण किया|

सभी विद्यार्थियों को संस्थान के मृदा प्रयोगशाला, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी प्रयोगशाला का भ्रमण भी कराया गया| वन पारिस्थिति प्रभाग के तकनीकी अधिकारी ने मृदा से संबंधित जाँच एवं निराकरण से भी उन्हें अवगत कराया| संस्थान के विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को वानिकी से संबंधित विषय पर संस्थान की शोध एवं प्रसार की गतिविधियों से अवगत कराया| इन्होने सघन वन ,एवं छिट-फुट वनों के वारे में बताया कि सघन वन जितने अधिक होंगे समस्याएं उतनी ही कम होगी| संसार में आज भी प्रदूषण के कारण जो घटनाएँ हो रही हैं उस अवस्था के लिए सघन वनों की कमी एवं अनियंत्रित ढंग से वनों का शोषण भी है लकिन हमें वनों को बचना जरुरी होगा| इन्होने कृषि-वानिकी एवं अकाष्ठ वनोत्पाद से होनेवाले लाभ से भी अवगत कराया |



क्षेत्र भ्रमण



मृदा एवं मॉलिक्यूलर बायोलॉजी प्रयोगशाला भ्रमण








प्रसार प्रभाग प्रभागाध्यक्ष डा.संजय सिंह वैज्ञानिक,एफ द्वारा वानिकी पर संभाषण